<u>समाचार</u>

उडीसा में आयोजित आर्ट एण्ड कल्चर में कोरबा के प्रतिभावान प्रतिभागियों को सम्मानित किया महापौर ने

(कोरबा के सेंट विन्सेंट पालोटी एवं लिटिल स्टार के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा)

कोरबा 24 अप्रैल 2025 – उड़ीसा के जगन्नाथ संस्कृति यूनिवर्सिटी जगन्नाथपुरी में आयोजित आल इण्डिया उड़ीसा फेस्टिवल आर्ट एण्ड कल्चर में कोरबा के प्रतिभावान प्रतिभागियों को आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सम्मानित किया। उन्होने इन प्रतिभावान प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे कामना करती हैं कि उनकी प्रतिभा में और अधिक उत्तरोत्तर वृद्धि हों तथा वे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों में अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए कोरबा का नाम रोशन करें।

सेंट विंसेन्ट पालोटी स्कूल के संगीत शिक्षक श्री कन्हैया वैष्णव ने बताया कि उड़ीसा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जगन्नाथपुरी की जगन्नाथ संस्कृति यूनिवर्सिटी में 18 एवं 19 अप्रैल 2025 को आल इण्डिया उड़ीसा फेस्टिवल आर्ट एण्ड कल्चर की प्रतियोगिता का भव्यतम आयोजन किया गया था, जिसमें गायन, नृत्य आदि विधाओं में देश के लगभग 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया, कोरबा के सेंट विंसेन्ट पालोटी स्कूल एवं लिटिल स्टार स्कूल के 14 बच्चों एवं अध्यापिकाओं ने इस प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। श्री वैष्णव ने आगे बताया कि सामूहिक छत्तीसगढ़ी गीत की प्रतियोगिता में सेंट विसेंट पालोटी स्कूल की कु.अनीषिका महंत, आराध्य वर्मा, विराट सिंह राठौर एवं लिटिल स्टार स्कूल के धर्मेश वैष्णव एवं श्रेयश वैष्णव ने अपनी उत्कृष्ट गायन

कला का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार शास्त्रीय संगीत एकल में धर्मेश वैष्णव प्रथम स्थान पर रहे, वहीं सुगम संगीत एकल महिला श्रीमती मधुमिता घटक तथा सुगम संगीत एकल पुरूष में अमन कुमार टोप्पो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लोकनृत्य में निहारिका राम द्वितीय स्थान पर रहीं, उन्होने बताया कि कथकनृत्य में कु.महिमा झरबड़े एवं समाद्रिता चक्रवर्ती द्वितीय स्थान पर रहीं, शास्त्रीय संगीत में श्रीमती पिंकी वैष्णव द्वितीय स्थान पर एवं समूह नृत्य में निहारिका, महिमा, समाद्रिता व एनी पीटर तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इन सभी प्रतिभावान प्रतिभागियों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया तथा उन्हें अपनी हार्दिक बधाई दी।

अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु 03 बच्चों का हुआ चयन – उक्त आयोजन के दौरान कोरबा के 03 प्रतिभाशाली बच्चों का चयन अंतर्राष्ट्रीय आर्ट एण्ड कल्चर प्रतियोगिता के लिए किया गया, यह प्रतियोगिता आगामी दिनों में दुबई में आयोजित की जाएगी। श्री वैष्णव ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु कोरबा से धर्मेश वैष्णव, मधुमिता घटक, अमन टोप्पो का चयन किया गया है।